बिहार लोक सेवा आयोग,
15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड),पटना--800001

आवश्यक सूचना

बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में विभिन्न विषयों के सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा विज्ञापन संख्या 44/2014 से 84/2014 का प्रकाशन किया गया था, जिसमें शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार के लिए क्रमशः 85 एवं 15 अंक निर्धारित हैं जिनकी गणना हेतु तालिका Schedule - I से V दिये गये थे जो " बिहार राज्य के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों (सहायक प्राचार्य) के पद पर नियुक्ति हेतु परिनियम 2014" के अंग्रेजी संस्करण (English Version) पर आधारित हैं।

जाँच के क्रम में यह पाया गया है कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षा में प्राप्त अंकों की गणना तालिका के हिन्दी संस्करण के अनुसूची – III एवं अनुसूची – IV एवं उसके अंग्रेजी संस्करण के Schedule - III एवं Schedule - IV में कुछ भिन्नता है जबकि अनुसूची I, II एवं V समान हैं। उक्त विषय से संबंधित वैधिक स्थिति पर सम्यक् विचारोपरान्त आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि पूर्व में प्रकाशित सभी विज्ञापनों (44/2014 से 84/2014 तक) से संबंधित उम्मीदवारों के शैक्षणिक अंकों की गणना उक्त परिनियम 2014 के हिन्दी संस्करण की अनुसूची I से V के अनुसार की जायेगी। हिन्दी संस्करण की अनुसूची – I से V, आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

24/11/2015

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना